>

Title: Need to restart the weekly Surat-Delhi flight and develop Surat Airport in Gujarat.

श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): महोदय, मैं यह ज़ीरो ऑवर भी वही है और आप भी वही है, मैं एक बात बार-बार पार्लियामेंट के प्रोसीजर के माध्यम से सदन में उठा रही हूं जो कि कनैक्टिविटी की है। सूरत में रेल या फ्लाइट की कनैक्टिविटी के सिवाय हमें कुछ नहीं चाहिए। आज दो मंत्री और प्रोटेम स्पीकर यहां बैठे हुए हैं। सभी लोग सूरत से ट्रैवलिंग करते हैं। कल नियम 193 के तहत एयर इंडिया पर चर्चा हो चुकी है, लेकिन मंत्री जी ने कोई जवाब नहीं दिया। आज तक पायलट्स की हड़ताल खत्म नहीं हुई। रीशेड्यूलिंग की जो बात हुई है, जो प्रोफिटेबल रूट्स हैं, चूंकि सूरत एशिया का फोर्थ नंबर का फास्टेस्ट ग्रोविंग सिटी है। लेकिन इसको कनैक्टिविटी के नाम पर कुछ नहीं मिला है। प्राइवेट एयरलाइन को फायदा पहुंचाने के लिए यह सब रीशेड्यूलिंग की गई है जो कि सूरत के साथ अन्याय है। सूरत एक मिनी भारत है, इसलिए सूरत को अन्य राज्यों से जोड़ने के लिए हमें एयर इंडिया से कनैक्टिविटी चाहिए।

सभापति महोदय :

श्री अर्जुन राम मेघवाल और

श्री राजेन्द्र अग्रवाल अपने आपको श्रीमती जरदोश द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करते हैं।